राज्य शहरी आजीविका मिशन, (एस0यू0एल0एम0) उ0प्र0
(राज्य नगरीय विकास अभिकरण,– सूडा उ.प्र.)
7/23, सेक्टर–7, गोमती नगर विस्तार, निकट डायल 100, गोमती नगर, लखनऊ–226027
e-mail:nulmup@gmail.com website:www.sudaup.org

पत्रांक–10644/241/NULM/तीन/2001–SSUP-2019 दिनांक–14/02/2019

सेवा मे

1. समस्त जिलाधिकारी/अध्यक्ष,
   जिला नगरीय विकास अभिकरण, उ0प्र0।
2. समस्त सिटी प्रोजेक्ट आफिसर/परियोजना निदेशक,
   शहर मिशन प्रबन्धन इकाई, डूडा उ0प्र0।

विषय : DAY-NULM के अन्तर्गत "शहरी सहभागिता मंच" की स्थापना के सम्बन्ध में

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक कार्यालय के पत्र सं0–9767/241/NULM/तीन/2001–SSUP-2019 दिनांक 22.01.2019 भारत सरकार के द्वारा दिये गये निर्गत दिशानिर्देशों के क्रम में "शहरी सहभागिता मंच" की स्थापना किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2. उल्लेखनीय है कि शहरी समृद्धि उत्सव पखवाडा की प्राप्त आख्या प्ररूप–3 में यथा आगरा, अलीगढ़, अम्बेडकर नगर, अतरौली–अलीगढ़, औरैया, अयोध्या, आजमगढ़, बहराइच, बलिया, बाराबंकी, बरेली, बस्ती, भदोही, बिजनौर, चन्दौली, छिबरामऊ, कन्नौज, चित्रकूट, देवरिया, फर्रूखाबाद, फतेहपुर, फिरोजाबाद, दादरी–गौतमबुद्ध नगर, गजरौला–अमरोहा, गाजीपुर, गोण्डा, हमीरपुर, हरदोई, हसनपुर–अमरोहा, हाथरस, कन्नौज, मंझनपुर–कौशाम्बी, मथुरा, मऊ, मिर्जापुर, मुबारकपुर, आजमगढ़, मुगलसराय–चन्दौली, मुजफ्फरनगर, पीलीभीत, प्रयागराज, रायबरेली, रामपुर, राठ–हमीरपुर, खलीलाबाद–संतकबीरनगर, शिकोहाबाद–फिरोजाबाद, मिन्गा–श्रावस्ती, पडरौना–सोनभद्र, एवं वाराणसी शहरों/जनपदों द्वारा "शहरी सहभागिता मंच" स्थापित किये जाने का उल्लेख किया गया है।

3. उल्लेखनीय है कि उल्लिखित शहरों में स्थापित "शहरी सहभागिता मंच" की स्थापना कार्यालय के पत्र सं0–9767/241/NULM/तीन/2001–SSUP-2019 दिनांक 22.01.2019 के अनुसार पुर्नगठित कर ली जाये तथा जिन शहरों में अभी तक शहरी सहभागिता मंच की स्थापना नहीं की गई हो वहां भी तत्काल स्थापना की जाय।

अतः आपसे अनुरोध है कि शहरी समृद्धि उत्सव पखवाडा फरवरी 2019 के अन्तर्गत पखवाडा अवधि 15 फरवरी 2019 तक सभी शहरों में उपरोक्तानुसार "शहरी सहभागिता मंच" स्थापित कराकर एक बैठक अवश्य आयोजित कराने तथा बैठक का कार्यवृत्त इस कार्यालय को उपलब्ध कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।

भवदीय

(उमेश प्रताप सिंह)
मिशन निदेशक

पत्रांक एवं दिनांक तदैव

प्रतिलिपित निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. उप सचिव, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग उ0प्र0 शासन।
2. समस्त परियोजना अधिकारी, डूडा उ0प्र0 को अनुपालनार्थ।
3. सहायक वेब मास्टर सूडा को सूडा की वेबसाइट पर अपलोड हेतु।

(उमेश प्रताप सिंह)
मिशन निदेशक